तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान में बच्चों की सीखने की ...




13 जिसने समय के महत्व को समझ लिया, वही आगे ...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### मायके से 5 लाख लाने के लिए प्रताड़ना, पति सास, ससुर पर केस दर्ज

**भिलाई।** मायके से 5 लाख रुपए के लिए प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने महिला तबस्सुम निशा (28 वर्ष) की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। शिकायत पर महिला के पति सलमान परवेज, सास नजबुन निशा और ससुर कय्यूम अली के खिलाफ धारा 498, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। महिला ने पुलिस से की लिखित शिकायत में कहा कि 14 नवंबर 2022 को उसका निकाह ढांचा भवन कुरूद जामुल निवासी सलमान परवेद से हुई थी। शादी के 20 दिन बाद से मायके से कुछ नहीं लाई हो कहकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद 5 लाख की डिमांड की गई। मामले में पुलिस से 2023 में शिकायत की। काउंसिलिंग के बाद सहमति नहीं बने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया।

### टायर फटने से कार सवार तीन लोग बुरी तरह घायल

**दुर्ग।** भिलाई टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू रोड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बीती रात 11 बजे एक सेडान कार सीजी 07 सीएक्स 6221 तेज रफ्तार में जा रही थी। जैसे ही वो सेक्टर 7 सेंट्रल एवेंन्यू रोड में पहुंची अचानक कार का टायर फट गया। कर इतनी रफ्तार में थी कि रेलिंग से टकराते हुए 10-20 मीटर तक घिसटते हुए चली गई। इससे कार में सवार तीन लोग बाल बाल बजे वो लोग बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार इतनी रफ्तार में थी लोहे की रेलिंग को तोड़ती हुई गई। रेलिंग का एक रॉड कार के कांच को तोड़कर आरपार हो गया। यदि उसमें कोई भी आता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। दुर्घटना के समय कार का एयर बैग भी खुल गया इससे उसमें सवार लोगों को अधिक चोट नहीं आई। भिलाई नगर पुलिस जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक कार वीर सोनकर चला रहा था। उसके साथ शीबू और एक अन्य युवक मौजूद बैठा था।

### बकाया संपत्तिकर जमा नहीं करने पर दुकान को किया सील

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 4 अंतर्गत पुरानी बस्ती छावनी निवासी रामाधार सिंह द्वारा अपना दुकान विवेक ट्रेडर्स को किराये पर दिया है। पूर्व में मकान मालिक द्वारा 3 वर्ष का बकाया संपत्तिकर 69781 रुपये का चेक दिया गया था, लेकिन चेक बाउंस हो गया। मकान मालिक को सूचना देने के बाद भी उसने राशि जमा नहीं की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कुर्की दल मौके पर पहुंचा और मकान मालिक को बकाया संपत्तिकर जमा ना करने पर कुर्की की कार्यवाही के बारे में बताया। के संबंध में पढ़कर सुनाया गया। इसके पूर्व भी बकाया संपत्तिकर जमा करने नोटिस दिया गया। बकाया राशि जमा नहीं करने पर 2 दुकानों में से 1 दुकान को सील कर निगम के अधीन लिया गया। साथ ही अन्य दुकानों को मिलाकर लगभग 1.80 लाख रुपये का बकाया संपत्तिकर वसूला गया। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, विजेन्द्र परिहार, वत्सल, विनोद वर्मा, गंगा चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### किसानों को ग्रीष्मकालीन दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल उत्पादन के लिए प्रेरित किया

# एग्रीस्टैक परियोजना से जल संरक्षण और डिजिटल फसल सर्वेक्षण की पहल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अतिरिक्त तहसीलदार बालोद संध्या नामदेव ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन में आयोजित विशेष ग्राम सभा में उपस्थित होकर गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची के पठन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के अलावा राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक सहित मैदानी अमले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि आज एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन हेतु बालोद तहसील में ग्राम पंचायत मुजगहन के अलावा लोण्डी, पोण्डी, नेवारीखुर्द, चिचबोड़, भेड़िया नवागांव, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जेवरतला, खर्रा, कन्हारपुरी सहित जिले के सभी तहसीलों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा गिरदावरी सूची का पठन किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आज आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रीष्मकाल में बढ़ते जल संकट को देखते हुए एवं जिले में जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य फलस उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### सर्वे सूची का किया वाचन

आयोजित ग्राम सभा के दौरान एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया है। जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू-नक्शों के जीव-रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- चेन और कान के गहने गायब, लाल निशान के कारण हत्या की आशंका

ग्राम रानीतराई रोड में कोतवालिन की घर मे संदिग्ध स्थिति में मिली लाश की गुत्थी अभी पुलिस सुलझा भी नही पाई थी कि एक अन्य बुजुर्ग महिला का शव संदिग्ध स्थिति में मिला है। ग्राम पाउवारा में घर मे अकेले रहने वाली बुजुर्ग महिला का शव मकान के अंदर खाट में मिला है। जिसके बाद बुजुर्ग के बेटे ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने धारा 103(1), 311, 331(8) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम पाउवारा थाना रनचिरई निवासी ओमप्रकाश देशलहरे पिता गुलालीराम देशलहरे 50 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हमारा पुराना मकान ग्राम पाउवारा सतनामी पारा में मेरी मां पुनवंतीन देशलहरे पति गुलालीराम देशलहरे 70 वर्ष अकेली रहती है, स्वयं खाना बनाती खाती है, मैं अपने परिवार के साथ नये मकान में बस्ती तरफ ग्राम पाउवारा में रहता हूं। मेरी मां नये घर तरफ और सतनामी पारा में हमारे पड़ोसी और रिश्तेदारो के घर भी जाती आती थी। 07 अक्टूबर को सुबह पड़ोसी हरीश कुमार रात्रे ने मुझे मोबाईल में बोला कि तुम्हारी मां सुबह से नहीं दिख रही हैं, दरवाजा खटखटाया, आवाज दिया हूं। लेकिन दरवाजा नहीं खोल रही हैं, तब मै पुराने घर में आया फिर मै भी आवाज दिया। पर मां नहीं उठी, दरवाजा अंदर से बंद था, फिर मैं और हरीश दोनों हरीश के घर के छत तरफ से हमारे पुराने घर के छत में आकर अंदर सीढ़ी से मां के घर में आये, मेरी मां हमेशा घर के परछी में खाट में सोती थी, देखा तो मेरी मां कमरे में सोई थी, कंबल सिर तक ओढ़ा हुआ था, कंबल को हटाकर मां को आवाज देकर जगाया पर उसकी सांस नहीं चल रही थी। उसके दोनों कान में सोने जैसे दिखने वाले बाजारू टाप्स चेन वाले को पहनी थी, वहां से कटे हुये थे, बाजारू कान के टाप्स नहीं है, गले में लगभग 2-3 तोले की चांदी की चेन पहनी थी, वह भी नहीं है, मेरी मां के गले में सामने तरफ लाल निशान दिख रहे है, मेरी मां 06 अक्टूबर को रात लगभग 08 बजे घर के सामने मेहतरू, धीवेन्द्र देशलहरे के घर से टी. वी. देखकर घर आई थी। मैं देखा तो घर के सामने का दरवाजा अंदर से बंद था उसे खोला हूं। घर में अंदर बाड़ी है, मिट्टी के परदे से घेराया है, घर के दाहिने तरफ बाड़ी में मिट्टी का परदा कोने मे थोड़ा गिर गया है, वहां पर साड़ी का परदा लगा दिये है, वहां पर उगे पौधे झाड़ी मुरझा गयी है, मुझे संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति 06 अक्टूबर को रात 8 बजे से दिनांक 07 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे के मध्य बाड़ी के गिरे हुये परदे तरफ से अंदर आकर मेरी मां के पहने हुए बाजारू टाप्स चेन वाले कीमती 200 रूपये और चांदी की चेन कीमती 2000 रूपये को लूटने की नियत से लूट लिया है।

## पोर्टल के माध्यम समस्याओं का करें समाधान : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ई-फाइलिंग और बायोमेट्रिक उपस्थिति की शत प्रतिशत सुनिश्चितता करने के निर्देश

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों को प्राप्त शत प्रतिशत प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता को इसका समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर मिश्रा साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने शासन के विशेष प्राथमिकता वाले अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन की स्थिति की मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने कहा कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। इसके अलावा इसके माध्यम से उनके कार्य का प्रदर्शन तत्काल पता चल जाता है।

बैठक में मिश्रा ने जिले में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से विभागवार प्राप्त प्रकरणों एवं निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25वें वर्ष के पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर विभागवार आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को शासन के निर्देशानुसार अपने-अपने विभागों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार जीएसटी फाइल के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को प्रत्येक माह के 07 तारीख तक अपने-अपने विभागों का जीएसटी फाइल अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने जिले में कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु गोद लेने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों से इन बच्चों के समुचित देखरेख, पौष्टिक भोजनों की उपलब्धता एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में अवैध रूप से संचालित दवाखानों पर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## युवक से चाकू की नोक पर मोटर सायकिल व 9500 रुपये लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मोटरसाइकिल सवार ने जिसे लिफ्ट दी, वही बन गया लुटेरा

मोटर साइकिल सवार ने जिसे लिफ्ट दिया उसी ने बाईक सवार युवक को चाकू मारने का डर दिखाकर दिनदहाड़े बाईक 9500 नगद के साथ मोटर सायकल चोरी कर फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 309(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है।

ग्राम बोहारडीह निवासी जितेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 07 अक्टूबर के दोपहर 03 बजे अपने घर से अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 डब्लू 9474 से गुरूर आ रहा था, तभी पुरूर तिराहा के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने मुझे हाथ देकर रोका तथा मुझे भी गुरूर ले चलों बोला, तब मैं उसे अपने मोटर सायकल में पीछे बिठाकर गुरूर के लिये जा रहा था, मैं बोहारडीह पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने के लिये रूका तथा पेट्रोल भरवाया। तभी वह अज्ञात व्यक्ति मुझे बोला कि मेरे साथी पीछे रह गया है मुझे वहां पर छोड़ दो, उसके कहने पर मैं उसे छोडने के लिये ले जा रहा था पेट्रोल पंप के आगे 100 मीटर दूरी पर वह मेरे गाड़ी से उतर गया तथा वह अज्ञात व्यक्ति मुझे चाकू से मार दुंगा भय दिखाकर मेरे पास रखे नगदी 9500 रूपये एवं मेरे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 डब्लू 9474 को लुटकर भाग गया।

## सीईओ ने किया प्रधानमंत्री आवास निर्माण का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद सीईओ निखत सुल्ताना ने ग्राम पंचायत अचौद, चिचबोड़, परसदा (मोखा) कचांदुर एवं परसदा (डंग) के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ आवासों को जल्द शुरू करने तथा निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण करते हुए सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को गुणत्तायुक्त आवास बनाने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि आवास निर्माण में रुचि नहीं लेने वाले एवं राशि का दुरुपयोग करने वाले हितग्राहियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने पंचायतों को आवश्यक सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं हितग्राही उन्मुखीकरण पर भी जोर दिया। इस मौके पर विकास विस्तार अधिकारी महेन्द्र जांगड़े, विकासखण्ड समन्वयक नीलम चन्द्राकर, तकनीकी सहायकयोगिता वर्मा, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र व अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### जिला नाई सेन समाज ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अवैध स्पा सेंटर संचालकों पर सरकार करे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला नाई सेन समाज ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग रखी कि नाई सेन समाज पीढ़ियों से सेलून व्यवसाय से जुड़ा है, जो उनकी आजीविका के साथ सांस्कृतिक पहचान का भी अहम हिस्सा है। समाज ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रदेशभर में सेलून व्यवसाय को सेन समाज के लिए आरक्षित घोषित किया जाए, ताकि इस पारंपरिक व्यवसाय की गरिमा और आर्थिक स्थिरता दोनों बनी रहे।



समाज ने यह भी कहा कि सेलून व्यवसाय की आड़ में कई स्थानों पर अवैध स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां अनैतिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। इससे समाज की छवि को नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में ऐसे स्पा सेंटरों की जांच कर बंद करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही समाज ने सरकार से अनुरोध किया कि ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए सशक्त कानून बनाया जाए।

जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक ने बताया कि राज्य में संचालित केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड विशेष रूप से सेन समाज के हित में बनाया गया है, फिर भी समाज को अब तक कोई ठोस लाभ नहीं मिला है। समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाई जाए और पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ दिलाया जाए। ज्ञापन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत नाई समाज के युवक-युवतियों ने प्रशिक्षण तो प्राप्त कर लिया है, परंतु शासन द्वारा 15 हजार मूल्य का उपकरण कीट अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि अन्य ट्रेड के लाभार्थियों को यह कीट वितरित हो चुका है। समाज ने इस मामले में शीघ्र सुधार की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सेन समाज के अध्यक्ष पुनीत राम सेन, बालोद जिलाध्यक्ष सतोष कौशिक, जिला संरक्षक जगन कौशिक, सचिव रामकुमार सेन, उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, सह सचिव धनीराम सेन, सेलून संघ अध्यक्ष मुकेश कौशिक, ईकाई अध्यक्ष दलेश्वर भारद्वाज, कोषाध्यक्ष हरि सेन सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### कुत्तों के आतंक से जनता परेशान

दुर्ग। मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक कुत्तों के झुंड घूमते नजर आते हैं, जो राहगीरों, बाइक वालों और बच्चों के लिए खतरा बने हुए हैं। दीपक नगर के वासियों ने बताया कि कुत्ते अक्सर बाइक सवारों के पीछे दौड़ पड़ते हैं,जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। राह चलते लोगों को काटने के प्रयास में वे हमला करते हैं और कई लोग इनसे बचने के चक्कर में घायल हो जाते हैं, बच्चे इस समस्या से सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। वे खेलते-खेलते या स्कूल जाते समय इन कुत्तों का निशाना बन जाते हैं। सुबह की सैर करने वाले बुजुर्गों और देर रात घर लौटने वाले कामकाजी लोगों के लिए यह स्थिति और भी भयावह है। लोगों ने सुझाव दिया कि नगर निगम और जिला प्रशासन को मिलकर कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और सुरक्षित स्थानांतरण जैसे उपाय अपनाने चाहिए साथ ही आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### अहिवारा में खुलेंगे 10 ओपन जिम, राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा अंतर्गत विकासखण्ड धमधा में 10 निर्माण कार्यों के लिए 60 लाख रूपए की स्वीकृत दी है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विख धमधा के ग्राम पंचायत एवं ग्राम कोड़िया, नारधा, खपरी (कु), अहेरी, सांकरा, पाहरा, ओखरा, बागडूमर, पोटिया एवं मोहंदी सहित 10 ग्रामों में ओपन जिम निर्माण हेतु प्रत्येक ग्राम के लिए 6-6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन

दुर्ग। छ.ग. शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा रजत जयंती के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 6 से 12 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार, सुरेन्द्र कौशिक, विनोद अरोरा, पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणनन कमललाल एवं जिले के बुनकरों के आतिथ्य में 6 अक्टूबर को शुभारंभ किया गया। हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी में छ.ग. राज्य के जांजगीर-चांपा, शक्ति, चन्द्रपुर, बलौदाबाजार-बिलाईगढ़, रायगढ़, खैरागढ़ एवं दुर्ग आदि जिलों की 25 बुनकर संस्थाओं द्वारा भाग लिया।

### बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत

दुर्ग। नया बस स्टैंड में लावारिस मिली महिला की मौत हो गई है। मृतका का नाम द्रोपती (60 वर्ष) बताया गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में 10 सितंबर को लाया गया था। 108 ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। महिला बेमेतरा की रहने वाली बताई गई है। बेमेतरा थाना से पतासाजी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई पहचान वाले नहीं पहुंचे हैं। इसे लेकर कोतवाली दुर्ग में मोबाइल नंबर 9479239148 एवं 756625 9911 में संपर्क किया जा सकता है।

# पर्यवेक्षक की घेराबंदी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश, समर्थकों में द्वंद्व

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

दुर्ग जिले के तीन कांग्रेस जिला संगठनों में अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर द्वंद शुरू हो गया है। बात धक्कामुक्की, नारेबाजी से लेकर शिकायतों तक पहुंच गई है। एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास शुरू हो गया है। इतना ही नहीं पर्यवेक्षकों की घेराबंदी शुरू हो गई है। उनकी आवभगत की जा रही है। इतना ही नहीं समर्थकों के हस्ताक्षरयुक्त पत्रक सौंपे जा रहे हैं। धार्मिक और सामाजिक संगठनों के समर्थन पत्र पर्यवेक्षक को देकर अपना नाम फाइनल करने की जुगत शुरू हो गई है। बता दें कि पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू पिछले पांच दिनों से दुर्ग में हैं। वे लगातार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। दुर्ग में ब्लॉक स्तर की बैठकों में जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार को पाटन के ब्लॉक में बैठकें हुईं, वहां भी समर्थकों ने अपने पसंद के नेता का नाम आगे बढ़ाया। बुधवार यानी 8 अक्टूबर को भिलाई के सेक्टर-5 डोमशेड में ब्लॉक दो, तीन, चार और पांच के पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं शाम 5 बजे सुपेला, कोसानाला, कैम्प ब्लॉक की बैठक अंबेडकर भवन कैम्प 2 में होगी।

## अध्यक्षों को चुनाव लड़ने का नहीं मिलेगा मौका, बड़े नामों ने खानापूर्ति के लिए लिया आवेदन फॉर्म

### आरोप : एनी पीटर पर आवेदन नहीं करने बनाया जा रहा दबाव, शिकायत

युवा कांग्रेस की प्रदेश सचिव एनी पीटर ने भी अध्यक्ष पद के लिए आवेदन लिया है। उन्होंने पर्यवेक्षक से एक लिखित शिकायत की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि आवेदन नहीं करने के लिए उन पर दबाव डाला जा रहा है। अजय शर्मा उन्हें धीरज बाकलीवाल को समर्थन करने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता भी दुर्व्यवहार कर रहे हैं। धक्का-मुक्की कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी को नामांकन करने का अधिकार है, मैं जरूर आवेदन करूंगी। इधर अन्य दावेदारों द्वारा भी अपने-अपने तरीके से समर्थन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।



**6 का पैनल बनाकर भेंजेंगे**

पार्टी गाइडलाइन के मुताबिक अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ सकता, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को करना है। मुझे सिर्फ 6-6 का पैनल बनाकर भेजना है, इसके लिए बैठकें की जा रही है। रही बात शिकायत और घेराबंदी की, तो ऐसी कोई बात नहीं है। -**अजय कुमार लल्लू**, केंद्रीय पर्यविक्षक, राष्ट्रीय कांग्रेस

### पर्यवेक्षक के आगे-पीछे घूमने वालों से कार्यकर्ताओं में आक्रोश

इधर पर्यवेक्षक के आगे-पीछे घूमने वाले नेताओं को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। उनका कहना है कि पर्यवेक्षक से अलग से बात नहीं करने दिया जा रहा है। कुछ नेता लगातार लॉबी कर रहे हैं। अपने पसंद के चेहरे को अध्यक्ष बनाने की जुगत में है। इस वजह से पार्टी कार्यालय में हंगामे और विवाद के हालात बन रहे हैं। पर्यवेक्षक से सभी को मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार साहू द्वारा भी समर्थन की बात सामने आई थी। हालांकि उन्होंने जानकारी सार्वजनिक होने के बाद इस बात से इंकार कर दिया। बता दें कि पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल का नाम प्रमुखता से सामने आया है।

## जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग की ली बैठक

# 300 पंचायतों में से 92 में जल संकट, 166 में भी हालत बेहतर नहीं, 42 ग्रीन जोन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित लेबर बजट और मानव दिवस सृजन व युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये। जिले की कुल 300 ग्राम पंचायतों में से 92 जल संकट ग्रसित, 166 अर्द्ध जल संकट ग्रसित तथा 42 ग्रीन ज़ोन क्षेत्र के रूप में केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं। अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों की कार्य योजना में इन क्षेत्रों को सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये। युक्तधारा पोर्टल पर दो श्रेणियों में कार्य प्रस्तावित हैं। पहली श्रेणी में वृक्षारोपण, तालाबों में मछली पालन, रिचार्ज पिट और नाली निर्माण जैसे कार्य शामिल होंगे, वहीं दूसरी श्रेणी में पशु शेड, आंगनबाड़ी भवन, मुक्तिधाम शेड जैसे निर्माण कार्य रखे जायेंगे। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन कार्यों की योजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि जिले में अब तक 130 अमृत सरोवर निर्माण किया जा चुका है। उनमें से 69 में आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शेष सरोवरों में शीघ्र आजीविका गतिविधियाँ जैसे मत्स्य पालन, बत्तख पालन और सिंघाड़ा उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए गए है। स्व-सहायता समूहों को इस दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया।

## केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा चिन्हांकित, सुधार के लिए बनेगी कार्ययोजना




### पीएम आवास के 1603 मकानों का निर्माण नहीं

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में जनपद पंचायत धमधा के 889, दुर्ग के 283 और पाटन के 431 कुल मिलाकर 1603 आवास अपूर्ण हैं। जनपद धमधा द्वारा 20 अक्टूबर 2025 तक 300, दुर्ग द्वारा 150 तथा पाटन द्वारा 300 आवास पूर्ण करने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी आवासों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के 649 अप्रारंभ आवासों को अक्टूबर 2025 के अंत तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत कुल 212 छत स्तर आवासों को अक्टूबर माह के अंत तक, 279 छत स्तर आवासों को नवंबर के अंत तक तथा 207 लिंटल स्तर आवासों को दिसंबर के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 1952 (2024-25), 1097 (2025-26) तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के 648 अपात्र हितग्राहियों की सूची को अपीलीय समिति की स्वीकृति के पश्चात राज्य कार्यालय को भेजने हेतु निर्देश दिये

### महिलाओं को दी जाएगी मेसन ट्रेनिंग, जोड़ा जाएगा रोजगार से

सभी जनपदों को आर-सेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) के माध्यम से रूरल मेसन ट्रेनिंग के लक्ष्यों को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने को कहा गया है। जिन हितग्राहियों का एनपीसीआई मैपिंग नहीं हो पाया है, उनके बैंक खातों का मैपिंग कार्य तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित सचिव, नोडल अधिकारी एवं रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाने को कहा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान मॉडल सीएलएफ को वितरण केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सीएमटीसी के लिए 15 दिवस में भवन चयन कर उसे स्थापित करने तथा जीआरसी की स्थापना हेतु दुर्ग एवं पाटन जनपद में भवन चयन कर खाता खोलने व स्क्रीनिंग कमेटी से स्वीकृति प्राप्त करने को कहा गया। लखपति महिला पहल योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त 42664 लक्ष्यों की त्रैमासिक आय प्रविष्टि आजीविका सीआरपी के माध्यम से समय पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले और जनपद स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी 10 प्रतिशत लखपति दीदी की गणना का भौतिक सत्यापन भी करने कलेक्टर ने कहा।

### शौचालयों का अधूरा निर्माण, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

समीक्षा बैठक में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कुल 433 स्वीकृत शौचालयों में से 419 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 09 कार्य प्रगति पर हैं। दुर्ग जनपद के ग्राम झोला एवं धमधा जनपद के ग्राम ढौर (खे) में शौचालय निर्माण कार्य अधूरा है, जिसकी राशि पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा खर्च कर ली गई है। कलेक्टर ने इस संबंध में वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही 404 पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने व समूहों को संचालन हेतु सौंपे जाने के निर्देश भी दिए गये। हॉट बाजार एवं मुख्य राज्य मार्गों के समीप आवश्यकतानुसार भौतिक सत्यापन कर नये शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भेजने तथा उन्हें आजीविका से जोड़ते हुए संचालन की कार्य योजना बनाकर एमओयू प्रस्तुत करने पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की बात कही गई। बैठक में संचालक पंचायत आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद**

पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. टीडी देवांगन थे। विशेष अतिथि युगल किशोर नायक, रामसाय श्याम, वष्णु प्रसाद साहू, युवराज ठाकुर थे।

डॉ देवांगन ने अपने सेवा कार्यकाल अनुभव साझा करते हुए पेंशनर संघ को एकता और संघठित रहने पर जोर दिया। अध्यक्ष चावड़ा ने अपने उदबोधन में प्रांतीय स्तर पर हो रहे गतिविधि की जानकारी प्रदान करते हुए आगामी नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र भरने संबधित जानकारी दी। बैठक के अंत में दिवंगत पेंशनर सेवा निवृत एसडीओ. वन विभाग नरेश कुमार ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सचिव पीएल. देशमुख, बीआर. साहू, आरएस. वैदे, आईएन. योगी, सीआर. साहू, शेषनारायण दुबे, कमला ठाकुर, गंगा साहू, पुष्पा कलिहारी व पेंशनर उपस्थित थे।

## प्राधिकृत अधिकारियों ने मंत्री केदार से गिनाई समस्याएं



जामगांव आर। एरिया के प्राधिकृत अधिकारियों के समूह ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से बुधवार को भेंट कर अपनी अपनी सोसायटियों की समस्याएं, अधिकारियों की कार्यशैली से अवगत कराए और किसान हित में सुझाव देते हुए खाद बीज सहित अन्य सुविधाओ में त्वरित सहयोग के लिए आग्रह किया। मंत्री ने अध्यक्षों की बात सुनी और किसानों को कोई परेशानी नहीं होने देने का आश्वासन दिए। भेंट करने वालों में प्राधिकृत अधिकारी योगेश्वर साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, विनोद ठाकुर, राजेश बंछोर, तेजेन्द्र पिपरिया, संजय चंद्राकर, संतोष घिरवानी शामिल हुए। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को डीडाभाठा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बिना बाउंड्रीवाल की दुर्दशा से अवगत कराते हुए शीघ्र बाउंड्री वाल बनाने हेतु आवेदन सौंपा।

# विश्व कवक दिवस पर छात्रों को गहन अध्ययन करने की दी सलाह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**



शासकीय वीवाईटी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा विश्व कवक दिवस 2025 का आयोजन 7 अक्टूबर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कवकों की आकर्षक एवं विविधतापूर्ण दुनिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने एवं सतत विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को पारंपरिक पृथक्करण और पहचान तक सीमित न रहकर कवकों के गहन अध्ययन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक आवास में कवक विषय पर चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें फील्ड भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा खींचे गए आकर्षक चित्र प्रदर्शित किए गए। इन चित्रों ने कवकों की विविधता और पारिस्थितिक उपस्थिति को दर्शाया।इस अवसर पर विभाग की अध्यापिकाओं द्वारा दो ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दी गईं श्रीमती नीतू दास ने गैनोडर्माः औषधीय गुणों से भरपूर अद्भुत कवक विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें इसके औषधीय एवं औद्योगिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### विकास कार्य के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर-7 वेस्ट वार्ड, कल्याण महाविद्यालय में सामुदायिक पेयजल प्लांट, 1000 एलपीएच प्लांट, 1000 इंसुलेटेड एसएस टैंक स्थापना हेतु 15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# प्रतिकूल परिस्थितियां ही मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को बिगाड़ती है : सिंह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 7 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभांरभ किया गया। मानवीय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद गुप्ता, डायरेक्टर सिम्हांस थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार प्राचार्य, शास. काकतिया पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर एवं डॉ. सुगम सांवत, मेडिकल डायरेक्टर, सिम्हांस उपस्थित थे। प्राचार्य एवं कार्यशाला के संरक्षक डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियाँ ही मानसिक स्वास्थ्य के संतुलन को बिगाड़ती है। उन्होंने कहा यदि आपकी जिंदगी में उदासी या नकारात्मकता है तो परिस्थिति परिवर्तन जरूरी है। खेल का मैदान एवं घर के बाहर मित्रों के बीच समय बिताएं। आपके अंदर सकारात्मकता आएगी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डायरेक्टर, सिम्हांस ने कहा कि भारत में भविष्य को लेकर युवाओं में बहुत अधिक चिंता है। अपने रूचिकर एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया।

## किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर पहुंचे दुर्ग

# एग्री स्टेग पोर्टल में तकनीकी दिक्कत तो कार्यकर्ता किसानों को करें सहयोग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

भाजपा किसान मोर्चा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान कुम्हारी, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान में उनका जमकर स्वागत हुआ।

- कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

उन्होंने भिलाई और दुर्ग में पार्टी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान की खरीदी के लिए किसानों का एग्री स्टेग पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। इसमें कई तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं।

अध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ मिलकर कार्यकर्ता जिले के किसानों का सहयोग करें। प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें, ताकि किसानों को परेशानी न हो। इससे पहले विनायक ताम्रकार के नेतृत्व में पटेल चौक दुर्ग में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया। इसके बाद बैठक हुई। बैठक का संचालन महामंत्री अजीत चंद्राकर ने किया।




### देश में किसानों की स्थिति पहले से बेहतर हुई

आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि देश के किसानों की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। पूर्व में किसानों के स्थिति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने किसानों के हित में कई जरूरी काम किए। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उन्हें आगे बढ़ाया। बैठक में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, राकेश तिवारी, बृजलाल सिंह राठौर, निश्चय वाजपेई, महेश कौशल, अजय तिवारी, दिनेश पाटिल, विनोद अरोरा, विनोद सोनी, अशोक राठी सहित अन्य उपस्थित थे।

### भिलाई में भी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

भिलाई में आलोक सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया। अध्यक्ष मोहन देवांगन ने सुपेला चौक में उनका स्वागत किया। श्रीफल, शॉल व भाजपा गमछा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। आलोक सिंह ने अपने दो दिवसीय दौरे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे संभाग स्तरीय दौरे पर हैं। 8 अक्टूबर को कवर्धा और मुंगेली में रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, बृजलाल राठौर, राकेश तिवारी, महेश कौशल, बिजेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विनोद सिंह, विजय जायसवाल, रविन्द्र सिंह, स्वीटी कौशिक, रविन्द्र सिंह चौहान, अवध शाह, दीपक यादव, शिव साहू आदि मौजूद थे।



### शासकीय आईटीआई में दीक्षांत समारोह का आयोजन, छात्र किए गए सम्मानित

दुर्ग। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सत्र 2023-2025 एवं 2024-2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संस्था में 12 व्यवसाय संचालित हैं सभी व्यवसायों के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। सहायक संचालक रोजगार वीके केडिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

### पोर्टल के माध्यम ...

की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारियों से समन्वय कर अवैध दवाखाना संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने वर्तमान में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची के पठन के अलावा ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों के पैदावार हेतु प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। कृषि विभाग के उप संचालक को इसके लिए मैदानी अमले के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने सभी विभागों में ई–फाईलिंग के कार्य की प्रगति एवं बायोमेट्रिक मशीनों की उपलब्धता एवं उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को शत प्रतिशत ई–फाईलिंग तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### नशा उन्मूलन पर शहर में निकली रैली

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक नशा उन्मूलन पर जन जागरुकता रैली निकाली गई। उक्त रैली में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारे व स्लोगन लगाए गए। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया, ताकि संपूर्ण भारत को नशामुक्त बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा समाजकार्य के सभी विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई गई। ललिता साहू ने कहा कि नशा रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा।

### 5 दिवसीय भव्य महोत्सव 29 से

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव आगामी 29 अक्टूबर से 02 नवंबर तक श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 01 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर 5 दिवसीय आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 29 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे से श्री श्याम भक्तों को श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 7.02 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 30 अक्टूबर को शाम 5.15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते जीई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। 31 अक्टूबर को भव्य भजन संध्या में हनुमानगढ़ (राजस्थान) निवासी श्याम सेवक देव चुघ रात्रि 8.15 बजे से भजनों की प्रस्तुति देंगे। 01 नवंबर को भव्य भजन संध्या रात्रि 8.15 बजे से आयोजित है।

### किसान सम्मेलन 15 को

**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी। इस मेले में उन्नत किस्म के बीज, खाद, दवा के उत्पादक किसानों को अपने उत्पादों की जानकारी के साथ उससे होने वाले लाभ के बारे में बताएंगे।

## वरघोड़ा कार्यक्रम में मुमुक्षु बहन बग्घी पर सवार होकर नगर में निकलीं और आमजनमानस का अभिवादन किया

# जिसने समय के महत्व को समझ लिया, वही आगे बढ़ता है : मुमुक्षु बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में मुमुक्षु बहन मेघा डोसी का भव्य वरघोडा कार्यक्रम बुधवार को हुआ। नगर के समता भवन से सुबह साढ़े आठ बजे संघ के वरिष्ठ श्रावक हस्तीमल सांखला द्वारा विधिवत मंगलपाठ से प्रारंभ हुआ। मुमुक्षु मेघा डोसी अपने माता-पिता मधु रिखबचंद डोसी के साथ आकर्षक बग्घी में सवार हुई व नगर के सदर मार्ग विवेकानंद चौक, पुराने बस स्टैंड, गौशाला चौक, मुख्य मार्ग बाजार चौक से होते हुए नए बस स्टैंड पर वरघोडा सम्पन्न हुई। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर से आमजनमानस ने मुमुक्षु बहन सहित पारिवारिकजनों को अभिवादन किया। मुमुक्षु बहन ने भी दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया व जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया।

### नगर के एपी एस प्रांगण में हुआ अभिनंदन समारोह

शोभयात्रा वरघोडा के पश्चात काफिला नगर के ए पी एस प्रांगण में पहुंचा, जहां पर मुमुक्षु बहन व पारिवारिकजनों का अभिनन्दन व बहुमान हुआ। नगर के संघ समाज सहित विभिन्न स्थानों से आए संघ समाज के लोगों ने मुमुक्षु बहन व पारिवारिकजनों को धार्मिक दुप्पट्टा व स्मृति चिन्ह भेंटकर बहुमान व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुमुक्षु बहन ने संघ समाज नगरजनों व उपस्थित जनसमुदाय से जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना करते हुए 3 नवम्बर को राजस्थान के देशनोक में होने वाले दीक्षा महोत्सव के लिए निमंत्रण भी दिया। मुमुक्षु बहन मेघा डोसी ने कहा कि संसार में रहते हुए पारिवारिक जनों व दोस्तों के साथ खूब खेली कूदी, मौज मस्ती किया, पर अब मानव भव के महत्व को गुरु भगवन्तों की कृपा से जाना व समझा यह भव अमूल्य है। आत्मा को परमात्मा बनाने का सुअवसर इसी भव में ही है, यह समझ आया। वैराग्य पथ पर अग्रसर होने के लिए 2023 का मंजुलाश्रीजी मसा आदि ठाना पांच का चातुर्मास टर्निंग प्वाइंट रहा। मसा की प्रेरणा शुरू हुई, अट्ठाई की तपस्या से शुरू हुआ तप 25 उपवास तक पहुंच गया। गुरुकृपा से असंभव भी सम्भव बन जाते हैं। वह तपस्या नया वरदान व नया प्रभात लेकर आया। साधु संतों के प्यार संसार के प्यार के सामने फीके लगने लगे। अंदर के सुख इतने अद्भुत लगे कि वह सुख कभी भी घर परिवार दोस्तों से भी नहीं मिला। घर वाले लाल जोड़े में विदाई का सपना संजोए थे पर नियति को कुछ और मंजूर था, गुरु कृपा से सफेद वेश व रजोहरन मिल रहे हैं। सफेद वस्त्र व रजोहरन के सुख सब सुखों से उत्कृष्ट सुख है। संसार की असारता समझ आया। सन 2023 का चातुर्मास वरदान साबित हुआ। कर्मों को क्षय करना है तो गुरु राम की शरण में जाना होगा। घर परिवार के उपकार को कभी नहीं भूल पाएंगे। मेरी खुशी के लिए मुझे सौंप दिया गुरु चरणों में। भाई बहन दोस्तों के प्रेम को अद्भुत बताया। उन्होंने बताया कि नगर की तीन बहनें राखी, नेहा व साक्षी कल्याण मित्र रहे हैं, जो वर्तमान में गुरु राम की शरण में संयम पथ पर अग्रसर हैं। मुमुक्षु ने ग्राम की माटी को नमन करते हुए कहा कि इस माटी से खेलते हुए अब संयम मार्ग पर आगे बढ़ रहे है व उन्होंने सभी से कहा कि कभी भी संयम मार्ग में आगे बढ़ने वालों को प्रोत्साहन अवश्य ही दे। 3 नवम्बर दीक्षा में निमंत्रण देते हुए संघ समाज से पारिवारिक जनों ग्राम के लोगों से क्षमायाचना की। उन्होंने सामयिक गुरुदर्शन धर्म आराधना करने की प्रेरणा दी व कहा कि यह धर्ममय जीवन ही सार्थक है। इस मानव जीवन के महत्व को समझें व सार्थक करें। अभिनन्दन के अवसर पर प्रखर वक्ता महेंद्र मुकीम रायपुर ने कहा कि समय तो सबके पास है, जिन्होंने समय के महत्व को समझ लिया, वही आगे बढ़ सकता है। मुमुक्षु बहन ने समय को जाना व उच्चत्तम भावों के साथ आगे बढ़ रही है।

मुमुक्षु बहन इंटियर डिजाइनर है। 2023 चातुर्मास मंजुलाश्रीजी मसा के गोचरी सेवा से शुरु हुई यह यात्रा अब मोक्ष मार्ग की यात्रा की ओर आगे बढ़ चले हैं। लोगों को पूरी जिंदगी लग जाती हैं। धर्म को समझने में उन्होंने चार महीने के चातुर्मास में ही धर्म के मर्म को जान लिया। उन्नयन शिविर के लाइफ को जिया जहां पर नाइंटी परसेंट साधु चर्या का पालन किया। उसके बाद जाना कि ये हो सकता है, कर सकते हैं। गुरुदेव के पास पहुंचे। गुरुदेव ने एक वाक्य बेटी के लिए की कर सकते हैं व एक वाक्य माँ के लिए कहा कि बेटी के आत्मविकास के लिए बाधक न बनें और पारिवारिक जनों ने अनुज्ञा दे दीं।अनुमोदना में भी धर्म है।रामजन्मभूमि देशनोक में दीक्षा होनी है।।दीक्षा का मार्ग एयरोप्लेन का मार्ग है जो मार्ग के बाधाओं से परे होकर मंजिल को पहुंचा देता है।









# पीएम श्री शाला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के तहत सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। जिसमें सामाजिक अंकेक्षक रूप में श्रीमती रेखा देवांगन सहायक शिक्षक सोरली,सरपंच रेणु गायकवाड, पंच रूखमणी कोठारी, शाला प्रबंध समिति के सदस्य रामायण पटेल, अंजोरी निर्मलकर, पन्ना पटेल,केवल सहारे,बहुर कोठारी, दुलेश्वरी मानकर, शुकारो,दामिनी यादव, परमिला , मनीषा, सहित बड़ी संख्या अभिभावक और शाला के शिक्षिका सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी की भागीदारी से बच्चों के शैक्षणिक स्तर और विद्यालय की गुणवत्ता का आकलन किया गया।

0 मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना, 0 पालक-शिक्षक सहभागिता बढ़ाना, शैक्षणिक उपलब्धियों को उन्नत करना, स्कूलों की ग्रेडिंग करना जिसमें अभिभावक और शिक्षकों की भागीदारी होगी, इसके तहत बच्चों के शैक्षणिक स्तर और विद्यालय की गुणवत्ता का आकलन किया गया। इस अभियान के माध्यम से, छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना चाहती है और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए काम कर रही है। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल दिल्लीवार द्वारा किया गया।

# सेवा पर्व के तहत जन-जागरण रैली निकाली, सामूहिक चर्चा की

## आदि कर्मयोगी अभियान की गतिविधियों से ग्रामीणों में उत्साह और जागरूकता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 186 ग्रामों में अलग–अलग तिथियों में आयोजित किए जा रहे विशेष ग्राम सभा के दौरान विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत ग्राम मरकाटोला, कठिया एवं पीपरखार सहित आदि ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण तथा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित वांलिंटियर एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति में गांव एवं गांव में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों के मांगों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन कर जन–जागरण रैली, ट्रांसेक्ट वॉक, केंद्रित सामुहिक चर्चा और गाँव का नजरी नक्शा बनाने की गतिविधियों के माध्यम से विलेज वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनजातीय परिवार के लोगों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# जामगांव आर सरपंच नंदनी भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

कांग्रेस नेत्री नंदनी नंदू साहू मंगलवार को बेलहारी के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मंच में सांसद विजय बघेल एवं जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के समक्ष भाजपा में अपने महिला मित्र के साथ शामिल हुए।

समारोह में उपस्थित प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी अंगेश्वर साहू, सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, भाजपा नेता यादमल गोलछा ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। नंदनी साहू ने कहा कि कांग्रेस ने खूब छला 4 साल तक कांग्रेस पार्टी के लिए लगन से काम किया, लेकिन पूछ परख नकारात्मक रही, लेकिन भाजपा के लोग सम्मान जनक ढंग से व्यवहार करते रहे। भाजपा में महिलाओं का सम्मान खुले आम दिख रहा। वैसे भी जिस पार्टी का नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा स्वच्छ छबि वाला हो जो अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए योजनाओं को मंजिल तक पहुंचते हो ऐसे पार्टी का भविष्य उज्ज्वल होना तय है। नंदनी साहू की मित्र मंडली मेनका निर्मलकर, सुमन सागरवंशी, डामिन साहू, सुमित्र धीवर ने भी भाजपा का दामन थामा। इनका भी स्वागत सांसद विजय बघेल और जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने पुष्पहार से स्वागत किया।



मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि भाजपा महिलाओं का भरपूर सम्मान करती है। बहन नंदनी सहित उनके पूरी टीम का भाजपा तहे दिल स्वागत करती है। जामगांव आर सरपंच चुनाव में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली बहन नंदनी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। उनकी जुझारू कार्यशैली सराहनीय है।

# साहू संघ ने किया समाज के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का सम्मान

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरुर द्वारा बुधवार को सभी 12 परिक्षेत्र अध्यक्ष, पुरुष उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तहसील अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि तहसील संघ के चुनाव के लिए 7 लोगों की कोर कमेटी बनायी गई है। तहसील चुनाव में कुल 997 मतदाता है। 5 पद के लिए सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हो ऐसा प्रयास कर रहे हैं।

प्रारंभिक प्रक्रिया में अगर चुनाव का समय होगा तो 2 बजे के बाद ही होगा। प्रदेश में 202 तहसील है, जिसमें प्रदेश में नम्बर 1 गुरुर तहसील को जाना जाता है। समाज मे राजनीति के कारण आज समाज उभर नहीं पा रहा है। जिला उपाध्यक्ष एवं तहसील संरक्षक रामदयाल साहू ने कहा कि प्रदेश एवं जिला के समन्वय से कही कही चुनाव एवं



निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हए। प्रदेश समाज ने निर्विरोध सम्पन्न कराने का निर्देश दिए थे। इससे समाज में अच्छा संदेश जाता है। न्याय प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल साहू ने कहा कि समाज को ऊंचा उठाने के लिए परिक्षेत्र का चुनाव कही कही निर्विरोध सम्पन्न हुए। तहसील उपाध्यक्ष आत्मा राम साहू ने भी संबोधित किया। सभी 12 परिक्षेत्र अध्यक्षों ने भी विचार रखे। संचालन तहसील सचिव घनाराम जेठमल ने किया। गुरुर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार साहू, दियाबाती अध्यक्ष एस कुमार साहू, पुरुर अध्यक्ष नेतराम साहू, सनौद अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, पलारी अध्यक्ष महेश्वर साहू, कंवर अध्यक्ष नीलकंठ साहू, धनेली अध्यक्ष वीरेन्द्र साहडा, सोरर अध्यक्ष पीलू राम साहू, भरदा अध्यक्ष हेमूराम साहू, मोखा अध्यक्ष दुलारु राम साहू एवं कोसागोदी परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर साहू के अलावा पुरुष उपाध्यक्ष व महिला उपाध्यक्ष मे लता साहू, सरस्वती साहू, थनेश्वरी साहू, दीपधा साहू, कुमुदनी साहू, खिलेश्वरी साहू, नितेश्वरी साहू सहित तहसील के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणजन और अभिभावकों ने आयोजन को सराहनीय बताया

# सामाजिक अंकेक्षण किया व न्योता भोज का कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम बुधवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनगांव में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से सामाजिक अंकेक्षण के उपलक्ष्य में ग्राम के प्रबुद्धजन विशंभर सिंह बगमरिया द्वारा बच्चों एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए न्योता भोज का भव्य आयोजन किया गया। भोज में प्रधानमंत्री शक्ति पोषण योजना की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वादिष्ट खीर, पुरी, आलू–मटर की सब्जी परोसी गई, जिसे खाकर बच्चे एवं उपस्थित जन समुदाय अत्यंत प्रसन्न नजर आए। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर कुल 114 लोग सम्मिलित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया।सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम की टीम लीडर श्रीमती लेश कुमारी पटेल (प्रधान पाठक,भेड़ी) ने शिक्षा गुणवत्ता अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उत्थान तभी संभव है, जब समाज की भागीदारी बढ़े और सब मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री रघुवीर पटेल (सरपंच, धनगांव), इंद्र कुमार भंडारी (ग्राम पटेल, धनगांव), अवध गीर गोस्वामी (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), मलेश पटेल (उपाध्यक्ष), नारद माहला, गेंद सिंह खरे, सातों बढ़ाई (उपसरपंच), लोकेश्वरी मसिया (पंच), धनेश्वरी सोनवानी, नेतराम पटेल, शारदा गोर्रा, हेमलता, दीनदयाल मानकर, रामस्वरूप, जोध सिंह मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं अभिभावक उपस्थित रहे। गांव के वरिष्ठजनों ने इस आयोजन को शिक्षा और समाज के मध्य सेतु बनाने वाला सराहनीय प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर दिखी मुस्कान और सामूहिक सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु सामुदायिक सहयोग सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों ने विशंभर सिंह बगमरिया के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों के जीवन में मिठास भरते हैं, बल्कि सामाजिक एकता एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विधायक सिन्हा का विभिन्न जिलों में 14 तक दौरा



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा का संगठन सृजन अभियान के तहत बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी, भरतपुर, सोनहत, गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही दौरान कार्यक्रम 7 अक्टूर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें वे विभिन्न जिलो के बैठको में सम्मिलित होंगी।

### हरदेव लाल मंदिर प्रांगण में लगा देव दशहरा मेला



**गुण्डरदेही।** ग्राम डेंगरापार के बाबा हरदेव लाल मंदिर प्रांगण में देव दशहरा मेले का आयोजन किया गया, जहां समाज सेवी व आप नेता जसवंत सिन्हा शामिल हुए। ग्रामीणों की मांग पर जसवंत सिन्हा ने बाबा हरदेव लाल मंदिर के लिए टाइल्स व 12 किलो तांबा की घंटा दान देने की घोषणा की।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 15 को भव्य पथ संचलन

**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी अवसर पर गुण्डरदेही में 15 अक्टूबर को भव्य पथ संचलन का आयोजन घोष एवं शारीरिक प्रदर्शन के साथ किया जावेगा। बौद्धिक उद्बोधन हेतु प्रांत पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए राम जानकी मंदिर गुंडरदेही में एक बैठक रखी गई थी, जिसमें खंड कारवाह वेद कुमार एवं जिला बौद्धिक प्रमुख गोविंद साहू ने बताया कि लगभग 200 देशभक्त स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में गुण्डरदेही नगर के विभिन्न रूपों पर देशभक्ति गीत गायन करते हुए संचालन करेंगे। बैठक में खंड संघचालक इवन सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, केशव राम साहू, सौरभ चोपड़ा, छगन सोनकर, अनूप नामदेव, शैल महोबिया, पूजा बिंझेकर, लक्ष्मण सोनकर, मोहन निषाद, ओमप्रकाश राजपूत, दिलीप साहू, रविकांत कोसरिया, आकाश शर्मा, रमेश सोनी, रोम लाल यादव, संतोष नेताम, चेतन सोनकर, रवि देवांगन व नगर वासी सम्मिलित हुए।

### चिट्टा तस्कर गिरोह के 6 और सदस्य गिरफ्तार



**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने हेरोइन यानि चिट्टा का बेचने का काम करने वालों पर मंगलवार को फिर कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अब तक पुलिस चिट्टा से जुड़े 30 लोगों को जेल भेज चुकी है। थाना मोहन नगर पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने मंगलवार को 6 आरोपियों को चिट्टा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी पंजाब से चिट्टा (हेरोइन) मंगाकर दुर्ग-भिलाई में बिक्री करते थे। यह

## अभियान : बच्चों को कराया न्योता भोज

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान में बच्चों की सीखने की क्षमता का किया गया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला संजारी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के ही निवासी एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में पदस्थ सहायक ग्रेड–3 उत्तम कुमार प्रीतम ने बच्चों के बीच आत्मीयता और स्नेह प्रदर्शित करते हुए खीर, पूरी एवं मिठाई का विशेष न्योता भोज प्रदान किया।

कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समितियों के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान कन्हैया भूआर्य (अध्यक्ष), जागेश्वरी निषाद (उपाध्यक्ष), पी. एल. खरे (सेवानिवृत्त प्राचार्य), श्यामलाल कमरिया (ग्राम पटेल), श्रीमती मालती प्रीतम, कुलेश्वर सिंह ठाकुर (अंकेक्षण प्रभारी), भूपेंद्र कुमार इंदौरिया (प्रधान पाठक), भिकेश सहारे, प्रीतम रामटेके, नागेश्वर दास मानिकपुरी, भागवत राम इंदौरिया (सहायक शिक्षकगण), कुमारी रमशीला भूआर्य, निकिता यदु, प्रेमलाल भूआर्य, राम सुख, तुलसी राम, पूर्णिमा भूआर्य सहित शाला प्रबंधन समिति एवं मध्यान्ह भोजन समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन, बच्चों के सीखने की दक्षता की समीक्षा और अभिभावकों की सहभागिता को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ता है और शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक समरसता की भावना भी प्रबल होती है। अंत में विद्यालय परिवार ने उत्तम कुमार प्रीतम के इस प्रेरणादायी कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।





## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शाला में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित



**डौंडीलोहारा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा में शैक्षिक गुणवत्ता की जांच हेतु सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। इसके तहत चयनित पांच सदस्यीय टीम द्वारा निर्धारित बीस बिंदुओं पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गये। शिक्षक वासुदेव पटेल ने सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसमुदाय के सहयोग और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों के कमजोर क्षेत्रों की पहचान कर उनकी कठिनाईयों को दूर किया जा सकता है।



शिक्षिका निशा साहू ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण में उपस्थित टीम द्वारा अभिव्यक्ति कौशल, विषयगत मौखिक प्रश्नोत्तरी, हिंदी व अंग्रेजी में पुस्तक वाचन, सारांश बताना, लेखन, गणित की संक्रियाओं, पहाड़ा, सामान्य ज्ञान के प्रश्न, मानचित्र, ग्लोब, समय, मापन, मुद्रा, व्याकरण आदि से संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गये। सामाजिक अंकेक्षण का कार्य टीम लीडर नेमसिंह ठाकुर प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गुरामी, पंचायत प्रतिनिधि नीरज भौसार्य, शाला प्रबंधन समिति सदस्य राजिम बाई खरे, पालक सदस्य टमेन ध्रुवे व सेवानिवृत्त कार्यकर्ता मोहनलाल साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंपाबाई रावटे, उपाध्यक्ष टमेन ध्रुवे, शिक्षक वासुदेव पटेल, शिक्षिका निशा साहू, सरपंच सेवंत कुमार नेताम, पंचगण प्रीतम कुमार रावटे, कमलाबाई भौसार्य, रामकुमार रावटे, शिक्षाविद नरेश साहू, ब्रजकिशोर भौसार्य, पालकगण बालचंद साहू, संतोष साहू, गौतम तारम, मूलचंद राणा, सुशीला बाई, रैमून साहू, ललिता बाई, जगदीश राम नेताम,सरोज बाई, रूपा ठाकुर, रीतू बाई, बिशाखा बाई, चन्दर यादव, डोमेश्वरी, मीना बाई सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षिका निशा साहू ने दी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में खेल आधारित गतिविधियों में माताएं हुईं शामिल



**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में थीम आधारित गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। ईसीसीई गतिविधि, स्थानीयता को बढ़ावा देना और स्वदेशी खिलौनों का का निर्माण थीम के आधार पर महमरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में लगातार समय सारिणी अनुसार बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता निषाद द्वारा दी जा रही है। जिससे आंगनबाड़ी के बच्चे बहुत ही उत्साहित होकर केंद्र आते है और गतिविधि सीखते है। बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है और पालकों को भी खुशी होती है कि उनका बच्चा नई नई चीजें सीख रहा है। इसी क्रम में जब कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में जब स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए खेल आधारित शिक्षा पर बच्चों और उनके पालकों के लिए प्रदर्शन और गतिविधि का आयोजन किया गया तो माताओं ने खुशी खुशी इसमें भाग लिया और खिलौना बनाने की गतिविधि में भाग भी लेने लगी, जबकि पहले बहुत कम माताएं आती थी। एक दिन कार्यकर्ता ने क्राफ्ट पेपर से बच्चों के साथ मिलकर खरगोश और चूहा बनवाया तो फिर दूसरे दिन दिव्यांश निषाद स्वप्रेरणा से घर में एक कॉपी का पेज लेकर चूहा बनाकर लाया, कार्यकर्ता और सबकी दिखाने लगा, फिर कार्यकर्ता ने दिव्यांश का उत्साह वर्धन कर सुपोषण चौपाल में पुरस्कृत किया । इस तरह इस केंद्र में ईसीसीई गतिविधि कराने से बच्चों में बहुत उत्साह रहता है। इसमें बच्चे अपने बनाए हुए चित्रकारी काम, छाप काम। चिपक काम, मिट्टी काम को खुशी खुशी सबको दिखाते हैं। माताओं को भी आंगनबाड़ी केंद्र में कराए जानी वाली गतिविधियों की जानकारी होने लगी और सहयोग करने लगी।

■ आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों और माताओं की सक्रियता

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत किया अंकेक्षण





**कुसुमकसा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिपरा मे सामाजिक अंकेक्षण 2025-26 एन पी वर्मा प्रधान पाठक भर्रीटोला एवं अन्यराजेश कुमार कुलार्य के द्वारा किया गया। जिसमें एस एम सी अध्यक्ष एवं सदस्य तथा पाठकगण व प्रा शाला व मा शाला के शिक्षक एवं ग्राम पंचायत चिपरा के सरपंच यशराम राणा उपसरपंच गिरधारी राम राणा एस एम सी अध्यक्ष ओंकार उपाध्यक्ष संदीप कुमार साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर यश राणा सरपंच ग्राम पंचायत चिपरा द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

## विक्रेता कल्याण संघ ने पदयात्रा निकाली



**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ विक्रेता कल्याण संघ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के विक्रेता एकजुट होकर अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर संवैधानिक पदयात्र निकाल रहे हैं। यह पदयात्र विक्रेताओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के लिए की जा रही है। संघ के प्रताप सिंह सार्वा ने बताया कि पदयात्र का उद्देश्य सरकार तक विक्रेताओं की आवाज को पहुंचाना और उनके हक की लड़ाई को मजबूत करना है। पदयात्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने "हम भी नागरिक हैं हमें भी अधिकार दो " जैसे नारों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। लंबे समय से विक्रेता समाज अपनी समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह संवैधानिक और शांतिपूर्ण रहेगा। यदि सरकार ने शीघ्र मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## शरद पूर्णिमा पर किया रामायण पाठ



**गुरूर।** शरद पूर्णिमा पर ग्राम कोलिहामार में रामायण का आयोजन किया गया। रामायण कार्यक्रम तुलसी के संदेश मानस प्रचार समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर प्रदीप साहू शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में यादराम साहू, ताम्रज यादव, धर्मेंद्र साहू, लेखक चतुर्वेदी, हरि ओम श्याम, भारत सर्वा, आशीष साहू, रिखीराम यादव एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा के मार्गदर्शन पर हुई योग संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा का आगमन गुण्डरदेही नगर में हुआ। जहां योग साधक, पतंजलि कॉर्पोरेट सदस्य अरुण कुमार साहू के निवास में योग पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ योग और प्राणायाम से रोग प्रतिरोधक क्षमता और जीवन में संतुलन



कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्म कुमारी ममता बहन ने किया। विशेष अतिथि के रूप में पतंजलि योग समिति के संरक्षक केशवराम साहू, अध्यक्ष रामलाल सिंघाड़े, पतंजलि जिला पदाधिकारी तीरथ कुमार अटल, पूरन लाल साहू, कमलकांत साहू, उमेश कुमार उपस्थित हुए। स्वागत भाषण करते हुए अरुण कुमार साहू ने नियमित योग के फायदे गिनाए एवं बताया कि गुण्डरदेही में योग की नियमित ऑनलाइन क्लास लगती है।

योग पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि महर्षि पतंजलि द्वारा अष्टांग योग – यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि प्रतिपादित किया है, जिससे मनुष्य सुख पूर्वक आरोग्य प्राप्ति कर जीवन व्यतीत कर अंत में मोक्ष प्राप्त करते हैं, योग शारीरिक क्रिया के साथ अंतर्मन साधने की प्रक्रिया है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं ब्रह्माकुमारी बहन ने मेडिटेशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान से मन में शांति आती है, अनिद्रा मन की चंचलता, भटकाव आदि में त्वरित लाभ मिलता है। योग शिक्षक केशवराम साहू ने कहा कि भसत्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम प्राणायाम नियमित करने से प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, स्वत ही शरीर में ग्लूकोज का निर्माण होता है, अनुवांशिक सुधार होकर आगामी पीढ़ी सुडौल रूप धारण करता है। तीरथ कुमार अटल ने सूत्र नेति, जल नेति क्रिया के लाभ पर चर्चा करते हुए कहा कि नाक एवं स्वशन तंत्र की सफाई होने से सर्दी, जुकाम,एलर्जी, साइटिका जैसे बीमारी में लाभ मिलता है। कमलकांत साहू ने मानव शरीर के अंतर्गत स्थित चक्र मूलाधार, स्वादिस्थान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा, सहस्त्रथ चक्र के कुण्डली जागरण से दिव्य उर्जा तथा आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है। पतंजलि जिला पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान युग में केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से अनेक समस्या होती है जिससे लड़ने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, योग से जुड़ने वाले व्यक्ति पर्यावरण, स्वदेशी, देश प्रेम से स्वाभाविक जुड़ने लगता है। इस अवसर पर नंदिनी साहू, उमा देवी, हेमलता, नीतू देशमुख, मोहनी निषाद, पूर्णिमा निषाद, समराज निषाद, सोमनाथ साहू, लेख राम साहू, रमन निषाद, वीरेंद्र कुमार निषाद सम्मिलित हुए।

## महिलाओं ने मनाई शरद पूर्णिमा और भंडारे का किया आयोजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सिकोसा में सतनामी समाज के महिलाओं द्वारा शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया। विदित हो कि महिला समूह द्वारा लगातार 3 वर्ष से शरद पूर्णिमा का त्यौहार मनाया जाता है।

इसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य आसिफ गहलोत मुख्य रूप से उपस्थित हुए तथा साथ में सरपंच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, पंच सुखित लहरे, चौन सिंह पटेल, चंद्रिका चंद्राकर, प्रदीप और विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी समाज के खुमान बारले, राजा बारले, अर्जुन बारले, कामता, भारती, कार्तिक राय, जगमोहन राय, डेकुमार गोयल और बड़ी संख्या में महिलाएं बुजुर्ग युवा साथी मौजूद थे। कार्यक्रम में आशिफ गहलोत ने शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए समाज के लोगों को और समस्त ग्रामवासियों की मंगलमय कामना किया सुख समृद्धि के पर्व में तथा महिलाओं के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए बधाई दी और सतनामी समाज का आभार व्यक्त किया।

### क्रिकेट सट्टा लगाने आईडी देने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों पर दुर्ग पुलिस ने लगातार कार्रवाई की है। पुलिस ने इसी कड़ी में सट्टा लगाने के लिए आईडी देने वाले आरोपी को कोर्ट से पुलिस रिमांड में लिया और रातभर पूछताछ के बाद मंगलवार शाम को न्यायिक हिरासत में भेजा है। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वैशाली नगर पुलिस ने सोमवार 6 अक्टूबर 2025 को दुर्ग कोर्ट में सरेंडर करने के बाद ऑनलाइन सट्टा के आरोपी अभिजीत सिंह उर्फ विराट को पुलिस रिमांड में लिया था। 29 सितंबर की रात क्रिकेट सट्टा लगाने के आरोपी गजेंद्र साहू उर्फ दादू (31 साल) को गिरफ्तार किया गया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**स्थानीय उत्पादों के इस्तेमाल और 'ओकल फॉर लोकल' पर जोर**

# भाजपा मंडल द्वारा आयोजित आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम की कार्यशाला सम्पन्न


हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भाजपा मंडल के द्वारा सभी बुथ व शक्ति केन्द्र स्तरीय विभिन्न सेवा कार्य का सफलता पूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न के पश्चात अब आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम जिला संगठन के निर्देश पर बालोद जिला के सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को स्थानीय गोंडवाना भवन में भाजपा मंडल का कार्यशाला सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव छोटू उपस्थित हुए, उन्होंने आत्म निर्भर भारत के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने पर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित मंडल, शक्ति केन्द्र व बुथ स्तर के पदाधिकारियों की दिया जिसमें प्रेसवार्ता, सम्मेलन,ओकल फार लोकल के तहत स्थानीय उत्पाद को खरिदने व उपयोग करने की बात कहीं, इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल,जिला कोषाध्यक्ष हरिश कटझरें, जिला मंत्री प्रेम साहू, मंडल उपाध्यक्ष लतागुप्ता, मंडल महामंत्री द्वय सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय,सूरज भान साहू,सुरेश देशमुख, जसराज शर्मा, हेम लाल देशलहरा,मोहन निषाद, ममता यादव, सूर्यकला ठाकुर, रेवती कोलियारे, पूर्णिमा प्रजापति,धीरेन्द्र टांक, हिम्मत देशमुख, प्रीतम साहू,दिलीप बाफना, सुरेश देवांगन, सीताराम,अजय बाफना, उत्तम मालेकर, मनोज भंडारी, नारायण सिन्हा, जिवराखन कौमार्य, उत्तम कुमार यादव, कौशलेश देवांगन, चेतन देवांगन डोमेंद्र राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ मंडल, शक्ति केन्द्र और बूथ स्तर के पदाधिकारी हुए उपस्थित



online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411